हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 जनवरी 2026

04 बिरधा में विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेले...



07 गणतंत्र दिवस आज, मुख्य समारोह में कलेक्टर...





## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला संपन्न

**सागर।** जिला चिकित्सालय सागर बैडमिंटन टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले में प्रथम डॉ भीकम मौर्य, द्वितीय स्थान पर डॉक्टर बृजेश यादव, महिला एकल में नीतू वर्मा प्रथम, डॉ शिवानी द्वितीय साथ ही फैमिली ग्रुप में मिनी पाराशर प्रथम एवं डॉ विनयदीप द्वितीय इसके साथ महिला युगल मुकाबले में नीतू वर्मा के साथ श्रद्धा तिवारी की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही डॉक्टर शिवानी एवं शिवांगी द्वितीय स्थान पर रही। पुरुष युगल ने पंकज/ अर्पण चतुर्वेदी प्रथम एवं डॉ बृजेश यादव एवं डॉक्टर गौहर नवाज खान की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर संभागीय स्वास्थ्य संचालक नीना गिडियन, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी एवं सिविल सर्जन डॉ आर एस जयंत द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांग जन के व्हाट्सएप पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

### सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सागर में किया गया

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के मुख्य आतिथ्य में सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सागर में किया गया। मध्यप्रदेश गान के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व बताते हुए डॉ अमर कुमार जैन सहायक नोडल स्वीप ने बताया कि भारत 25 जनवरी 1950 को पहले लोकतंत्र बना क्योंकि इसी दिन भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना की गई थी ,उसके एक दिन पश्चात वह 26 जनवरी 2050 को गणतंत्र बना। भारत में प्रथम बार ईवीएम का प्रयोग 1982 में केरल के परावुर विधानसभा क्षेत्र में किया गया बाद में 2004 में लोकसभा चुनाव में संपूर्ण भारत वर्ष में इसका प्रयोग किया गया ,साथ ही वर्ष 2010 में व्हीव्हीपेट को भी इसमें शामिल किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि वह प्रत्येक मतदान में निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा संदेश वाचन को मतदाताओं को दिखाया व सुनाया गया, जिसमें युवा मतदाताओं को एम्बेसडर बनाकर मतदान की प्रक्रिया में सहभागिता करने को कहा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन प्रशिक्षण 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 विधानसभा के 26 बीएलओ को कलेक्टर अधिकारी संदीप जी आर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही बीएलओ से उनके द्वारा किए गए कार्य की जानकारी भी प्रशस्ति पत्र देते समय ली। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभिनव प्रयोग करते हुए सागर के बीना खुरई एवं जैसीनगर में पंचायत चुनाव के अंतर्गत आयोजित पेपरलेस चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डा अमर कुमार जैन, आनंद मंगल बोहरे, मनीष माहोर, मुकेश पटेल, परमानंद सेन, बेनी प्रसाद प्रजापति तथा राजीव अलेक्जेंडरसहित 13 अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रशंसा पत्र भेज कर किया जिनका वितरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक के व्ही के साथ संपूर्ण मंच ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरविंद कुमार जैन ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विवेक के व्ही, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदिनी शर्मा, एस डी एम अमन मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, संजीव उइके, प्राचार्य सुधीर तिवारी, प्राचार्य आनंद तिवारी सहित संस्था की छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। एनसीसी की केडिट से संवाद करते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन एवं प्राचार्य सुधीर तिवारी को निर्देशित किया कि वह विद्यालय की दीवारों पर आईआईटी एवं नीट के प्रश्न पत्रों को चिपकाएं तथा विद्यार्थियों को दिखाकर उन्हें उनकी तैयारी करने हेतु प्रेरित करें।

### राज्यपाल द्वारा डॉ. वाय.पी. सिंह को सम्मानित किया गया

भारत निर्वाचन आयोग एवं समस्त निर्वाचन कार्यालयों द्वारा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया । इस वर्ष कार्यक्रम की थीम है मेरा भारत, मेरा वोट है, जिसका टैगलाइन है, भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक।

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में, राज्य के राज्यपाल मंगू लाल पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की। पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ. पी. रावत, राज्य निर्वाचन आयोग के चुनाव आयुक्त मनोज श्रीवास्तव और अनुराग जैन, मुख्य सचिव, म. प्र. शासन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया । राज्य स्वीप आइकन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की ।

राज्यपाल द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन कार्यों के पुरस्कार प्रदान किए गए। राज्यपाल ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित अनुकरणीय कार्य के लिए डॉ. वाई. पी. सिंह, प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सागर को भी पुरस्कार प्रदान किया। डॉ. सिंह एक कुशल शिक्षाविद और निर्वाचन प्रबंधन विशेषज्ञ हैं, जिन्हें नीति नियोजन, नेतृत्व, शिक्षण सामग्री विकास और निर्वाचन प्रशिक्षण में 28 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय निर्वाचन विशेषज्ञ भी हैं और मान्यता प्राप्त फैसिलिटेटर हैं। डॉ. सिंह ने इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के लिए कई व्याख्यान दिए हैं और प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए हैं, जिससे निर्वाचन चुनावी में क्षमता निर्माण में व्यापक योगदान दिया है। मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने, निर्वाचनों में भागीदारी को प्रोत्साहित करने और मतदान के लोकतांत्रिक अधिकार का पर्व मनाने के लिए भारत में हर वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह कार्यक्रम जिम्मेदार चुनावी भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करता है और स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी निर्वाचनों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है ।




## शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम गांधी प्रतिमा के समक्ष हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हर माह को होने वाले शहर कांग्रेस सेवादल के मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम का आयोजन गांधी प्रतिमा, पुरानी गल्ला मंडी पर आन-बान-शान से संपन्न हुआ। ध्वजारोहण पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी महेश जाटव और प्रदेश सेवादल के महासचिव विजय साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौधरी ने सेवादल परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर “विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी–जी राम जी)” कर दिया है। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं है, बल्कि ग्रामीणों के वैधानिक रोजगार अधिकार को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया गंभीर कदम है। वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू मनरेगा एक अधिकार आधारित कानून है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार प्राप्त है और यदि 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य प्रावधान है। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी ने किया।कार्यक्रम के अंत मे वरिष्ठ कांग्रेसी राजा साहू के भाई, ब्लाकाध्यक्ष हेमराज रजक के भतीजे और मोहन नगर वार्ड निवासी मनोहर लाल शुक्ला के निधन पर दो मिनिट का मौन रखकर ईश्वर से दिवगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की।

कार्यक्रम में पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे,जितेन्द्र सिंह रोहण,राकेश राय, संदीप चौधरी,हरिश्चन्द्र सोनवार, सागर साहू, एड.वीरेन्द्र राजे, हेमराज रजक, योगराज कोरी, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, रेखा सोनी, रजिया खान, गीता पटेल, दीनदयाल तिवारी, मुकेश खटीक, नितिन पचौरी, प्रीतम यादव, आनंद हैला, अंकुर यादव, प्रवीण यादव, परख शुक्ला, फहीम अंसारी, शिवा चौधरी, सत्यम रोहित, लल्ला यादव, साजिद राईन, नफीस खान, मयंक ठक्कर, दीपेन्द्र राजपूत, भोला सेन, रोहित वर्मा, कल्याण अहिरवार, सुरेंद्र करोसिया, राजा बुंदेला आदि जन उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### सहपाठी का सामान लिया वापस मांगने पर मारपीट

**ललितपुर।** सदर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला पुरानी बजरिया में रहने वाले सुभाष सिन्हा पुत्र चन्द्रगुप्त सिन्हा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र अंश सिन्हा मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में रहकर पॉलीटेक्निक की पढ़ाई कर रहा है। उसके साथ महरौनी के ग्राम कुम्हैडी निवासी कार्तिक खरे पुत्र संतोष भी पढ़ता है। बताया कि बीते 6-7 माह पहले कार्तिक ने अंश को कुछ सामान में एयरबड्स, जैकेट, पावर बैंक ले लिया था, जो कि वापस नहीं दे रहा है। अंश के बार-बार मांगने पर कार्तिक ने सामान लौटाने के लिए अंश को महरौनी बुलाया और अंश के आने पर कार्तिक ने अपने दोस्त आयुष कुर्मी को सी.वी. गुप्ता ग्राउण्ड पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस पूरे घटनाक्रम का पूरा घटनाक्रम वीडियो में उसके पास सुरक्षित है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पैमाइश शुदा जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर के ग्राम तोर निवासी रामस्वरूप पुत्र भैयालाल लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी आराजी संख्या 458 नम्बर 213 रकवा 0.829 हे. जमीन की राजस्व टीम, पुलिस बल के समक्ष पैमाइश व पत्थर गडडी होने के बाद भी टपइयन (तोर) निवासी पहलवान उर्फ छोटे, पोटे व हरीसिंह पुत्र सूरज सिंह यादव फिर से खेत पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। आरोप है कि उक्त लोग दबंगई के चलते जमीन जबरन छीन रहे हैं और खेत की मेड तोड़कर उसकी फसल की जुताई कर फिर से फसल बो दी और पत्थर उखाड़ कर फेंक दिये। पीड़ित ने मौके पर जांच कराये जाने की गुहार लगायी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### संपत्ति के विवाद में महिला को पीटा

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम ककड़ारी में रहने वाली सीमा पत्नी दीपू रजक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे वह अपने खेत पर पानी लगाने गयी थी, तभी गांव के मैरू व कीरत पुत्रगण भूपत, सविता पत्नी मैरू व आशा पत्नी प्रदीप एकराय होकर आये और सम्पत्ति के विवाद को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट के ग्राम बुदावनी में रहने वाले सरदार सिंह पुत्र चरन सिंह लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 22 जनवरी की शाम 5 बजे वह घर के बाहर था, तभी गांव का सुनील पुत्र लाखन लोधी ने गालियां देते हुये मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**विदिशा।** न्यायालय विमलेश मुड़ैया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी को एक वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय 23 जनवरी को पारित किया गया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी वंदना बंसल ने बताया कि घटना 28 जनवरी 2019 की है, जब फरियादिया अपने घर के आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी दौरान आरोपी ने पीछे से आकर बुरी नीयत से उसे पकड़ लिया। पीड़िता के शोर मचाने पर उसके पति व बच्चे मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया।

### शासकीय कॉलेज में आयोजित किए कार्यक्रम

**नटेरन।** शासकीय महाविद्यालय नटेरन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। छात्राओं ने सस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

---

102वीं जयंती मनाई, विचार और संघर्ष को प्रेरणा व मार्गदर्शक बताया

# जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा : सेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. द्वारा जिला कार्यालय पर भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयन्ती मनायी गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार रहे। अध्यक्षता प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटा. रेलवे मण्डल भोपाल श्रीराम सेन एवं अध्यक्ष राकेश कुमार सेन रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन प्रत्येक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के उत्थान को समर्पित रहा है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 22 दिसम्बर 1970 के दौरान दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री रहते हुये उन्होंने अनेक कार्य किये, जिसमें 1978 में बिहार सरकार में आरक्षण लागू किया, जो ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने सर्वसमाज के हितों को ध्यान में रखते हुये कार्य किये हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर में एक गांव पितोझिया, जिसे अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है। जननायक कर्पूरी ठाकुर के पिताजी का नाम गोकुल ठाकुर व माता का नाम रामदुलारी देवी ठाकुर था। विशिष्ट अतिथि श्रीराम सेन रिटा. रेलवे भोपाल मण्डल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर आजादी के आंदोलन के समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय थे। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में आजादी के आंदोलन में भाग लिया था। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राकेश कुमार सेन ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर समानता, सरलता और सिद्धांतों पर आधारित उनका जीवन वंचितों एवं शोषितों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और संघर्ष आज भी हमारे लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन की अमिट स्रोत बने हुये हैं। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान सुखलाल सेन, मोतीलाल नापित, भरतलाल सेन, राजेन्द्र कुमार सेन, कन्हैयालाल सेन, बालकिशन सेन, दुरजू प्रसाद सेन, घनश्यामदास सेन, हरीराम सेन, बद्रीप्रसाद सेन, प्रमोद कुमार सेन, विनोद कुमार नापित, गिरीश सविता, बृजेन्द्र सविता, राममूर्ति सविता, प्रकाश नारायण सेन, महेश कुमार सेन, मनीष याज्ञिक, रामबाबू याज्ञिक, पूरनलाल सेन, सुरेश कुमार सेन, मुन्नालाल सेन, रघुवीर सेन, राजेन्द्र सेन, हरगोविन्द सेन, रामसेवक सेन, सुरेन्द्र सेन आदि मौजूद रहे। संचालन दयाराम सेन ने व आभार प्रमोद कुमार सेन ने व्यक्त किया।

## समाजवादी राजनीति के प्रखर स्तम्भ थे जननायक ठाकुर : डॉ. दयाराम रजक




**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी ने समाजवादी विचारक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि भारत की समाजवादी राजनीति के प्रखर स्तम्भ, जननायक कर्पूरी ठाकुर ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की राजनीति को सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की मजबूत दिशा दी। वह सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक थे। कर्पूरी ठाकुर ने अपने राजनीतिक जीवन में शोषित-वंचित वर्गों, पिछड़े समाज, दलितों और अल्पसंख्यकों के हक के लिए लगातार संघर्ष किया। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और आम जनता को राजनीति के केन्द्र में रखा। सामाजिक न्याय की उनकी सोच ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों की राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने पिछड़े वर्गों को राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक अवसर दिलाने के लिए निर्णायक कदम उठाए। आरक्षण और समान अवसर की उनकी नीति ने लाखों युवाओं को आगे बढ़ने का रास्ता दिया, जिसका प्रभाव उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कर्पूरी ठाकुर की नीतियों और विचारधारा ने देश में समाजवादी आंदोलन को मजबूती दी और कई जननेताओं को प्रेरित किया। आज भी उनका जीवन संघर्ष, सादगी और जनहित में लिए गए फैसलों के लिए याद किया जाता है। उत्तर प्रदेश व देश की राजनीति में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में दिलशाद अली, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, नेहा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नगराध्यक्ष राम नरेश दुबे, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष उपेंद्र सेन, संतोष पेंटर, कौशल बरार आदि उपस्थिति थे।

---

कृषि विभाग ने किया आयोजन

## बिरधा में विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेले में दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरधा, ललितपुर

विकास खंड बिरधा सभागार में कृषि विभाग के तत्वावधान में कृषि मेले का आयोजन किया। विभाग से लगाये जा रहे कृषि मेलों का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि करने के निर्देश दिए गए साथ-साथ मेले में पशु विभाग, धानुका कंपनी और बीमा कम्पनी के कैम्प लगाए गए। साथ-साथ किसान नेताओं ने भी किसानों को जानकारी दी।

मेले का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर उन्हें जैविक खाद का उपयोग कर उन्नत खेती करने की जानकारी दी। कृषि रक्षा संबंधित रसायनों और जैविक खेती करने के निर्देश दिए। किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए कृषि बीज गोदाम से पचास प्रतिशत अनुदान पर बीज और दवाइयां लेने के बारे में बताया और जानवरों से अपनी फसल बचाने के लिए कृषि विभाग द्वारा अस्सी प्रतिशत अनुदान पर किसानों तार फेंसिंग के बारे मे बताया। किसान नेता सुरेश ने कहा कि किसान अपनी आय बढ़ाने के लिए खाद बीज और दवाइयां कृषि विभाग से खरीदे और अपनी फसल सरकार द्वारा एमएसपी रेट पर बेचे, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

किसानो द्वारा बीमा कंपनी के कर्मचारियों से किसान नाराज नजर आए। उन्होंने आरोप लगाए कि बीमा कंपनी द्वारा किसानों का बीमा बैंक द्वारा काटा तो जाता है, लेकिन उनको बीमा कंपनी द्वारा बीमा नहीं दिया जाता हैं। मेले में सुरेश कुमार, भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता शब्बीर खान मंसूरी, लोकपाल सिंह, जगदीश कुशवाहा, एडीओ रामलखन सिसौदिया, गोदाम प्रभारी राहुल सिंह पटेल, अतुल राज, हेमंत साहू, ऋचा त्रिपाठी, अनामिका कटारे, प्रियंका मंगरोलिया सहित किसान मौजूद रहे।

---

अविरल जैन बने युवा जिला संयुक्त महामंत्री

## बरगढ़ कस्बे के व्यापारी पुत्र के अपहरण और हत्या के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सतीश जैन ने युवा जिला महामंत्री राजीव सुडेले की संस्तुति पर युवा व्यापारी अविरल जैन को जिला युवा संयुक्त महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने जिला युवा संयुक्त महामंत्री के पद पर मनोनीत होने पर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर ने संगठन के रूप में निरंतर सहयोग करने की अपील करते हुये कहा कि जिस संगठन अथवा दल के पास युवा शक्ति होती है। वह संगठन अथवा दल के पास संघर्ष करने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है, जिससे व्यापारियों के हितों की रक्षा अधिक से अधिक की जा सकती है। उन्होंने चित्रकूट के बरगढ़ कस्बे में व्यापारी पुत्र की अपहरण के बाद हत्या की घटना घटी है वह अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है, जिससे प्रदेश के व्यापारियों में शासन प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपहरण एवं हत्या के दोषियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किए जाने और कड़ी कार्रवाई की जाने की मांग की। इस दुख की घड़ी में प्रदेश का संगठन पीड़ित परिवार के साथ है और उन्हें न्याय दिलाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर, महामंत्री अनिल जैन, महेश जैन, सतीश जैन, विजय, राजीव चौधरी, पवन जैन, अवनीश जैन, आई.टी.मंच जिलाध्यक्ष अंकित सतभैया, रोहित जैन, राजीव सुडेले, शुभम जैन, दीपक चौधरी, लकी चौधरी, नीरज जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाए युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आत्महत्या की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शादी का झांसा देकर लम्बे समय तक युवती से शारीरिक सम्बन्ध बनाये जाने को लेकर एक एफआईआर दर्ज करायी गयी है। इस सम्बन्ध में शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती ने एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखने वाले युवक पर धोखे से शारीरिक सम्बन्ध बनाने और उलाहना देने पर परिजनों के जरिए धमकाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में युवती ने बताया कि गोविन्दनगर में रहने वाला शाहरूख पठान पुत्र राजू विगत कई वर्षो से उसे शादी का झूठा आश्वासन देकर रिलेशन बनाये हुये है, जिस पर शाहरूख द्वारा उसके साथ कई बार शारीरिक सम्बन्ध भी बनाये थे।

आरोप है कि शाहरूख ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाये हुये हैं। जब भी युवती के लिए कोई शादी का रिश्ता आता था, तो शाहरूख पठान उसकी शादी के लिए आयु रिश्ते को तुड़वा देता था और जब वह उससे शादी करने की बात कहती तो वह आज-कल करके टालता रहा। युवती ने जब अपने परिजनों से पूरी बात बतायी तो परिजनों ने शाहरूख के पिता राजू, मां व उसके भाई आसू और दोस्त चौकाबाग निवासी दीपक सोनी से कहा तो आरोप है कि उक्त लोगों ने शाहरूख की शादी उससे न होने की बात कहते हुये धमकी दी। उक्त लोगों ने कहा कि यदि वह शादी करने के लिए अधिक दबाव बनायेगी तो वह आत्महत्या कर लेगा और उसे व उसके परिजनों को झूठे मामले में फंसा देगा, जिससे युवती अब मानसिक रूप से भी काफी परेशान है। युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

स्वजातीय बंधुओं की सहमति से किया चयन

## एडवोकेट दीपक सेन बनाए गए सेन समाज युवा जिलाध्यक्ष, फूलमाला पहना किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय कल्याण सिंह सभागार में आयोजित जन नायक कर्पूरी ठाकुर जन्मजयन्ती पर एड. दीपक सेन को समाज के प्रति पूर्व में किये गए सामाजिक कार्यो समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए सेन समाज के जिलाध्यक्ष शोभाराम सेन एवं स्वजातीय बंधुओं की सहमति पर उन्हें सेन समाज का युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी सविता, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय के प्रबंधक सौरभ यादव, जिला सचिव राजेश यादव जय गुरुदेव, सपा नगर अध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, रवि खटीक, जिपं सदस्य अमर विश्वकर्मा, विजय दयोदिया अध्यक्ष 15 पंचरत्न समाज, शोभराम सेन जिला अध्यक्ष सेन समाज एवं जिला की सेन समाज के लोग उपस्थित सौरभ सेन, खुशीलाल सेन, काशीराम सेन, एड. बलराम सेन, चक्रेश सेन शंकर सेन, देवराज सेन, रूपेंद्र सेन, नीरज सेन, अमन सेन प्रभु सेन बंट, रामकुमार सेन, आशीष सेन महरोनी, राजकुमार सेन महरोनी, मोनू सेन, आजाद सेन, पर्वत सेन अजनोरा, दीपक सेन मड़ावरा सहित भारी संख्या में समाजसेवी एवं स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

---

नायब तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई की

## अवैध खनन कर रही जेसीबी व डंपर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को नायब तहसीलदार घनेन्द्र कुमार ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार ने जेसीबी मशीन व डंपर को मौके पर ही पकड़ कर सीज की कार्रवाई की गयी। बताया गया है कि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेशानुसार, अपर जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी के निर्देशन में अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम महरौनी खुर्द में नायब तहसीलदार के साथ राजस्व टीम द्वारा अवैध खनन कर रही जेसीबी डंपर को मौके पर पकड़ा एवं तुरंत कार्रवाई करते हुए खनिज एवं पुलिस विभाग को सुपुर्दगी करवायी गयी। अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई प्रचलित है। इसी क्रम में आगे भी अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

विदिशा विधानसभा के अहमदपुर क्षेत्र में निकाली किसान जन आंदोलन यात्रा

## कांग्रेस की प्रदेशव्यापी यात्रा में सैकड़ों किसानों की भागीदारी, समर्थन मूल्य सहित कई मांगें उठाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



मप्र कांग्रेस के प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा शनिवार को ब्लॉक अहमदपुर से निकाली गई। ग्राम अहमदपुर कस्बा, सतियाखेड़ी, डंगरवाड़ा, कांकरखेड़ी, बरखेड़ा, सतपाड़ा, करारिया, घाटखेड़ी चौराहा समेत कई गांवों में पहुंची। किसानों ने फसलों के उचित समर्थन मूल्य, नकली बीज व खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई, मकोडिया डेम के निर्माण, सिंचाई सुविधा, बिजली विभाग के झूठे प्रकरणों को रद्द करने सहित कई मांगें उठाईं। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने किसानों को संबोधित करते हुए गेहूं-धान का 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य, मक्का की अनिवार्य खरीदी और जंगली जानवरों से फसल नुकसान का मुआवजा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कपूर ने खेती की बढ़ती लागत और सिंचाई के अभाव पर चिंता जताई।

---

## वसंत पंचमी पर कवियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वसंत पंचमी पर मां सरस्वतीजी का पूजन बड़े धूमधाम से कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही के प्रतिष्ठान पर किया गया। साथ ही कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती बंदना गीतकार अखलेश शांडिल्य ने कर काव्य संध्या की शुरुआत की। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुदेश सोनी ने की, जबकि मुख्य अतिथि ब्रजमोहन संज्ञा व रविंद्र पाठक रहे। संचालन कवि वीरेंद्र विद्रोही ने किया। इस दौरान कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही ने नगर के ख्याति प्राप्त कवियों को शब्द साधक की उपाधि से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले रचनाकारों में कवि सुदेश सोनी, पंकज अंगार, महेश दर्पण, अखिलेश शांडिल्य, जनाब जहीर ललितपुरी को शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर संम्मानित किया। इस दौरान ब्रजमोहन संज्ञा, सुदेश सोनी, रविंद्र पाठक, पंकज अंगार, महेश दर्पण, अखलेश शांडिल्य, शील शास्त्री, के.के. पाठक, जहीर ललितपुरी, आकाश जैन, संजय राजपूत, सुमित साहू की उपस्थिति सराहनीय रही।

सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेसजनों ने चलाया स्वच्छता अभियान

## जय हिंद नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा नेताजी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर फैली गंदगी की पहले साफ-सफाई की गई इसके बाद नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक प्रभावशाली वक्ता, दूरदर्शी नेता और महान देशभक्त थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।



### महान क्रांतिकारी थे सुभाषचंद्र बोसः प्रतापभानु शर्मा

पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के महान क्रांतिकारी थे, जिन्हें देश नेताजी के नाम से जानता है। उनका उद्घोष तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा आज भी युवाओं में जोश और बलिदान की भावना जगाता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने नेताजी के जीवन को साहस, त्याग और स्वतंत्रता के प्रति अटूट जुनून से परिपूर्ण बताया। कांग्रेस नेत्री अनुमा आचार्य ने कहा कि नेताजी उन विरले राष्ट्रनेताओं में से थे, जिनमें बौद्धिक गहराई और निडर कर्म का अद्भुत समन्वय था। गोविंद देवलिया ने नेताजी की प्रतिमा स्थापना में स्व. रघुवीर चरण शर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी का स्वतंत्रता संग्राम आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का संचालन सेवादल जिला मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने किया उक्त जानकारी जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने दी।

### वीर सावरकर स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह, तैयारियां पूरी

# गणतंत्र दिवस आज, मुख्य समारोह में कलेक्टर वर्मा करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सोमवार को शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से शहर के शिवपुरी रोड स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा।

जहां समारोह में जिले के कलेक्टर अर्पित वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य द्वारा रविवार को स्टेडियम में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मनीषा मिश्रा, सीएमओ राधेरमण यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह प्रातः 09 बजे वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां कलेक्टर अर्पित वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद प्रातः 9.10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जायेगा। प्रातः 9.20 बजे से मा. मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन होगा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा शांति के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोडे जाएंगे। प्रातः 9.40 बजे सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस बल, होमगार्ड, फॉरेस्ट, एनसीसी आदि के दलो द्वारा मार्चपास्ट किया जायेगा तथा मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेगे तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं भूतपूर्व सैनिको का सम्मान होगा। प्रातः 10 बजे से विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा।

इसके उपरांत प्रातः 10.30 बजे से 11.10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती होगी। पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन होगा।



#### रामबाड़ी विद्यालय में होगा मध्यान्ह भोजन

गणंतत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा समारोह के उपरांत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रामबाडी में आयोजित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल होगे तथा स्कूली बच्चों के साथ भोजन करेंगे। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा शनिवार को विद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहें। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने विद्यालय के अवलोकन के दौरान बच्चों से संवाद करते हुए उनके अध्ययन एवं अध्यापन के संबंध में चर्चा की गई तथा बच्चों को क्लास में अध्यापन कार्य भी कराया गया।

#### कौन-कहां करेगा ध्वजारोहण?

| स्थान | मुख्य अतिथि |
|---|---|
| कलेक्ट्रेट कार्यालय | कलेक्टर अर्पित वर्मा |
| पुलिस लाइन | एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल |
| गांधीपार्क श्योपुर | विधायक बाबू जंडेल |
| जिला पंचायत | जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई |
| नगर पालिका श्योपुर | सीएमओ आर आर यादव |
| नगरपरिषद बड़ौदा | नप अध्यक्ष भरोसी बाई |
| नगरपरिषद विजयपुर | नप अध्यक्ष कमलेश कुशवाह |
| जनपद श्योपुर | अध्यक्ष रीना मीणा |
| जनपद कराहल | अध्यक्ष बत्तो बाई |
| जनपद विजयपुर | अध्यक्ष बदन सिंह रावत |

### जैदा, डाबरसा और निमानिया में हिंदू सम्मेलन आयोजित, निकाली गई कलश यात्रा

# एकजुटता, आत्म बोध और कर्तव्य पालन से राष्ट्र बनेगा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आरएसएस के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इन दिनों शहर समेत जिलेभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। जिनमें हिंदू समाज के सभी जाति समाज के लोगों की व्यापक उपस्थिति दिखाई पड रही है। रविवार को जिले के जैदा, डाबरसा और निमानियां में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सभी हिंदू सम्मेलनों की शुरूआत कलश यात्राए निकाले जाने के साथ हुई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जैदा में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में जिला बौद्धिक प्रमुख भुवनेश लक्ष्कार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे, वहीं संत श्री गोपाल दास महाराज नौनार सरकार, विशेष रूप से मंचासीन थे। वहीं डाबरसा में आयोजित हिंदू सम्मेलन में विभाग सह बौद्धिक प्रमुख राघवेन्द्र टकसाली और निमानिया में आयोजित हिंदू सम्मेलन में राधेश्याम शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आत्म बोध, नागरिक कर्तव्य और समाज केंद्रित समाज से ही देश सशक्त होगा। एकजुटता से असंभव लगने वाला कार्य भी सहज हो जाता है। इसके लिए सामाजिक समरसता आवश्यक है। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, स्व बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य को आत्मसात करने का आह्वान किया।




# 2.21 लाख में खरीदी भैंस, डीजे की धुन पर नाचते गाते ले गए घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला मुख्यालय से सटे सलापुरा गांव में रविवार को एक भैंस की खरीद फरोख्त हुई। खास बात यह रही कि जिस किसान ने भैंस को खरीदा वह भैंस को विक्रेता के घर से माला पहनाकर व डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए अपने घर ले गया।

जानकारी के अनुसार सलापुरा में रहने वाले घनश्याम गुर्जर ने डेरी संचालक शाहरुख खान से एक मुर्रा नस्ल की भैंस 2.21 लाख रुपए में खरीदी थी। विगत कुछ दिनों से खरीद फरोख्त को लेकर चल रही चर्चा रविवार को थम गई, जब पैसों का लेनदेन हो गया तो खरीदार घनश्याम गुर्जर भैंस को अपने साथ माला पहनकर दुल्हन की तरह सजा कर न सिर्फ घर ले गया बल्कि डीजे की धुन पर उसे नाचते गाते हुए गृह प्रवेश कराया। घर पहुंचने पर महिलाओं ने भैंस की आरती उतारी और उसे तिल गुल खिलाकर गृह प्रवेश कराया। भैंस विक्रेता का कहना है कि भैंस एक दिन में 16 से 20 लीटर तक दूध देती है। भैंस का इस तरह मान सम्मान और डीजे से बिंदोरी निकाले जाने की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब चर्चित हुई।



### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी सम्मानित

# 18 साल की आयु पूर्ण करने वालों के नाम जोड़ने कॉलेज में शिविर लगाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में बीएलओं द्वारा एसआईआर अंतर्गत बेहतर तरीके से कार्य किया है, जिससे समय सीमा में प्रक्रिया अंतर्गत कार्य पूर्ण हुए है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए कॉलेज स्तर पर शिविर लगाये जायें। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा ने रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र है, सशक्त लोकतंत्र इसलिए है कि मतदाता जागरूक है।

पुरूष और महिलाएं सतत रूप से मतदान में भाग ले रहे है। निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुडवायें और वोटर बनकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी करें। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सौम्या आनंद ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोटर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है, मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक लोग मतदान में सहभागिता निभायें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा ने मेरा भारत मेरा वोट थीम पर आयोजित 16वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबें तथा आभार प्रदर्शन उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के रिकार्डेड संदेश का प्रसारण किया। निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, एसआईआर में स्वस्थ मतदाता सूची तैयार करने वाले बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर तथा स्वीप गतिविधियों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सहायक स्वीप नोडल एवं प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा आदि कई अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पूजा राठौर, सत्यनारायण राठौर, हेंमत पांचाल, दीपक पांचाल, रिहान अंसारी, शब्बीर अली आदि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए गए।




# शीत लहर ने बढ़ाई ठिठुरन, लोगों को लेना पड़ रहा अलाव का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मौसम में अचानक बदलाव आ जाने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। चार-पांच दिनों से गर्मी का हो रहा अहसास लोगों को होने लगा था लेकिन राजस्थान में बारिश के चलते सीमावर्ती शहर होने श्योपुर में भी ठंड बढ़ गई।शीत लहरों ने पारे को गिराने का काम किया जिससे बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा रहा है हालांकि नगर पालिका जगह-जगह लड़कियां डलवाकर अलाव जला रही है इसके बावजूद कई जगह लोगों को अपने साधन से अलाव जलाकर ठंड मिटाना पड़ रही है। उधर खेती किसानी के लिए यह ठंड वरदान साबित होना मानी जा रही है खासकर गेहूं और चना के लिए लेकिन कोहरा पड़ा तो फसलों में पाला पड़ने का भी खतरा है।

बीते सप्ताह मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया था लोगों को दिन में गर्मी का एहसास होने लगा था लेकिन बीते दो-तीन दिनों से अचानक मौसम में फिर परिवर्तन आया है यह परिवर्तन राजस्थान के जयपुर और सवाई माधोपुर में हुई बारिश के कारण बताया जा रहा है राजस्थान कि ओर से चलने वाली ठंडी हवाओं ने श्योपुर जिले को ठिठुराने का काम कर दिया। हालांकि लोगों खासकर बच्चों में सर्दी से जुकाम खांसी का प्रकोप बढ़ने का अंदेशा है लेकिन यह सर्दी फसल खासकर गेहूं चना के लिए फायदेमंद बताई जा रही है। अभी खेतों में गेहूं चना के पौधे करीब एक माह के हुए हैं जिन्हें तापमान में जितनी ठंडक होगी उतना लाभ होगा लेकिन अगर आसमान में लगातार बादल छाए रहे तो फिर पाला पड़ने का भी खतरा हो सकता है जो फसल को खराब करने का काम करेगा खासकर सरसों की फसल जिसमें इस समय फूल आ रहे है और पाला फूलों को नष्ट कर फलियां में परिवर्तित होने से रोक सकता है लेकिन फिलहाल ऐसी संभावना दिखाई नहीं पड़ रही है सुबह शाम ठंड तो पड़ती है लेकिन दिन में सूर्य नारायण दर्शन भी दे जाते हैं।

### महात्मा गांधी सेवाश्रम ने संविधान पाठशाला का किया आयोजन

# संवैधानिक मूल्य समाज व सरकार को दिशा प्रदान करते हैं: जय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

महात्मा गांधी सेवाश्रम द्वारा संविधान को जानने समझने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को संविधान पाठशाला का आयोजन पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जाति जनजातीय बालिका छात्रावास में आयोजित हुआ जिसमें समाजसेवी जयसिंह जादौन ने विद्यार्थियों को संविधान हमारे लिए क्यों जरूरी है समझाते हुए कहा कि जिस तरह मानवीय मूल्य मानव के विकास में सहायक होते है उसी तरह संवेधानिक मूल्य मानव ही नही पूरे समाज व सरकार को दिशा देते है। समाजसेवी कैलाश पाराशर ने इस अवसर पर बताया कि मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाने का एक खास कारण है। 25 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था, और इसी दिन से भारत एक गणराज्य बना था। आज के दिन भारत में 25 जनवरी 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य मतदाताओं को प्रेरित करना है कि वे अपने मताधिकार का उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

मतदाता दिवस के दिन, चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जिनमें मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया जाता है, और उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता है।



### शहर में गुर्जर समाज ने निकाली शोभायात्रा, उमड़े समाजीय बंधु

# उल्लास के साथ मनाया आराध्य देव का जन्मोत्सव, 24 बगड़ावत रूप में निकाली देव नारायण की शाही सवारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण की जयंती रविवार को शहर सहित जिले भर में हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर शहर में जहां भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 24 बगड़ावत 24 घोड़ों के साथ शाही सवारी भी निकाली गई। वहीं स्टेडियम के पीछे स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर महाआरती की गई और महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

